समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना

मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत 33 हितग्राहियों को आज आवासगृह आबंटित

कोरबा 28 अप्रैल 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत आज 33 हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन लाटरी पद्धति से किया गया, जिनमें से 29 आवासगृह मुड़ापार स्थित आवासगृहों में तथा 04 आवासगृह रामपुर स्थित आवासगृहों में आबंटित किए गए, शेष बचे आवासगृहों के आबंटन की प्रक्रिया आगे पूरी की जाएगी।

यहाँ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत मुड़ापार, रामपुर, लाटा एवं कार्पोरेशन में 481 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, जबकि दादर में 2784 आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रगति एवं अंतिम चरण में हैं। पूर्व में निर्मित किए गए 481 आवासगृहों में से 148 आवासगृहों का आबंटन हितग्राहियों को पूर्व में किया जा चुका है। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में हितग्राहियों की उपस्थिति में लाटरी पद्धति के माध्यम से 33 आवासगृहों का आबंटन हितग्राहियों को किया गया, जिनमें से 29 आवासगृह मुड़ापार एवं 04 आवासगृह रामपुर में निर्मित आवासगृहों में से आबंटित किए गए। वहीं बुजुर्ग, दिव्यांग एवं तलाकशुदा हितग्राहियों को भू–तल में आवासगृहों का आबंटन किया गया है, शेष बचे आवासगृहों के आबंटन की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी। आवासगृहों के आबंटन के दौरान आज जोन कमिश्नर एवं भवन अधिकारी एम.एन.सरकार, योजना के नोडल अधिकारी एवं आबंटन समिति के अध्यक्ष एन.के.नाथ, आबंटन समिति के सदस्य हर्ष क्षत्रवाणी एवं अशोक बनाफर, सी.एल.टी.सी. जितेश राठौर एवं अंकुश पाटकर आदि के साथ हितग्राहीगण उपस्थित थे।